तापमान
अधिकतम 42.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 27 अप्रैल 2025

13 नवापारा में आतंकी हिंसा के विरोध में उग्र प्रदर्शन,...


14 निर्माण कार्यों में लाएं तेजी, स्वास्थ्य केंद्र में सफाई ...




## नेशनल हाईवे को पार कर मैनपुर वन परिक्षेत्र में पहुंचा तीन हाथियों का दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी में आज सुबह मैनपुर से महज 4 किलो मीटर दूर हनुमान जी के मंदिर के पास वाहनों की जाम लग गई जब तीन हाथियों का दल नेशनल हाईवे को पार कर मैनपुर वन परिक्षेत्र के जंगल में पहुंचे इसकी जानकारी लगते ही वन विभाग की टीम गांव गांव पहुंच कर माईक के माध्यम से लोगो को सूचना दे रही है कि ग्रामीण जंगल के तरफ अकेले न जाए हाथियों का दल मैनपुर वन परिक्षेत्र मे विचरण कर रहा है मिली जानकारी के अनुसार आज शनिवार को सुबह 9 बजे के आसपास नेशनल हाईवे 130 सी को पार कर तीन जंगली हाथियों दल गिरहोला जंगल से होते हुए फरसरा, दबनई, लेड़ीबहार ग्राम के पास विचरण कर रहे है इसी दौरान भाजपा नेता नरोत्तम साहू क्षेत्र के दौरे पर पहुंच रहे थे तो उन्होने अपने मोबाईल में हाथियों की तस्वीर कैद कर ली और इसकी जानकारी वन विभाग को दिया गया जिसके बाद वनविभाग हाथियों के हर गतिविधियों पर नजर रखे हुए है हाथियों का दल फिर एक बार दोपहर 1.40 के आसपास दबनई के पास नेशनल हाईवे रोड़ में पहुंच गया तो ऐसा उम्मीद किया जा रहा था कि हाथियों का दल वापस धमतरी जिला के तरफ लौट जायेगा लेकिन दबनई से फिर वापस हाथी मैनपुर वन परिक्षेत्र में पहुंच गए है।

### वन विभाग लोगों को जंगल की तरफ नहीं जाने की कर रहा अपील

#### जंगल में विचरण

वन विभाग के एस डी ओ राजेन्द्र सोरी ने बताया यह सिकासार हाथी दल का सदस्य है जो धमतरी से गोबरा होते हुए मैनपुर वन परिक्षेत्र में पहुंचा है और फरसरा, दबनई, लेड़ीबहार के जंगल में विचरण कर रहे है।



#### लोगों में दहशत महौल

हाथियों के हर गतिविधियों पर वन विभाग नजर रखे हुए हैं और आसपास ग्रामों में माइक के माध्यम से दल प्रमुख अघन सोरी के नेतृत्व में लोगों को मुनादी कर जंगल की तरफ अकेले नहीं जाने की अपील किया जा रहा है। बहारहाल हाथियों का दल मैनपुर वन परिक्षेत्र के जंगल में विचरण कर रहा है जिससे लोगों में भारी दहशत देखने को मिल रही है।

## खबर संक्षेप

### आंधी के चलते जगह-जगह पेड़ गिरे, यातायात प्रभावित



**मैनपुर।** जिले के मैनपुर धवलपुर, नवागढ़, जोबा, बोईरगांव, कुल्हाड़ीघाट क्षेत्र में शनिवार को दोपहर के बाद मौसम का मिजाज एकदम सा बदल गया और देखते ही देखते तेज बादल की गड़गड़ाहट के साथ जमकर गरज चमक हुई और बिजली बंद हो गया। आंधी तुफान के चलते मैनपुर क्षेत्र में जगह-जगह बड़े-बड़े वृक्ष गिरे तो वहीं ग्राम दशपुर के सरपंच नरेन्द्र ध्रुव ने बताया की ग्राम दशपुर में सोहबीन बाई के घर के उपर विशाल वृक्ष गिर गया इस दौरान सोहबीन बाई और उनके घर के सदस्य घर मौजूद थे। ईश्वर की कृपा से बाल बाल बचे और सभी सही सलामत है तो वहीं मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग में जोबा के पास पेड़ गिर गया जिससे आवगमन बाधित हो गया। सरपंच द्वारा जेसीबी के माध्यम से नेशनल हाईवे से पेड़ को हटाया जा रहा है जिससे आवगमन सुचारू हो सके। वहीं दूसरी ओर मैनपुर नगर व आसपास के ग्रामों में देर शाम को झमाझम बारिश हुआ और घंटो बिजली बंद हो गया।

### महिला से शराबी पति ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** महिला के साथ उसके शराबी पति द्वारा मारपीट किए जाने के मामले बागबाहरा थाने में एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि कविता चंद्राकर पति गगन चंद्राकर (38 साल) वार्ड नं 4 थाना पारा ब्यूटी पार्लर एवं फैंसी स्टोर्स चलाती है। प्रार्थिया का पति शराब, गांजा, सनन गोली खाने का आदी है और रोज नशा पान करता है और नशा कर प्रार्थिया के साथ आए दिन मारपीट करता रहता है। 26 अप्रैल की दोपहर 12 से 12.30 बजे के बीच उसके पति गगन चंद्राकर ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मारपीट से महिला के सिर में चोट लगी है। रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### एक्सीडेंट में दो लोग घायल

**महासमुंद।** ग्राम गढ़फुलझर में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि ग्राम पतेरापाली निवासी भानु प्रधान ने रिपोर्ट लिखाई है कि 18 अप्रैल को उसका बेटा कांतिलाल प्रधान और बहू मीनाक्षी प्रधान अपने मोटर सायकल सामान लेने बना गए थे, वापस घर जाते समय करीबन 6.30 से 7 बजे के बीच गढ़फुलझर से ओडिशा जाने के मार्ग में पांडे किराना दुकान के पास पीछे तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक द्वारा तेजी एवं लापरवाही पूर्वक अपने वाहन से उसके बेटे के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर भाग निकला। घटना में घायल बेटे और बहू को बसना के निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। मामले में अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### परकोम में मिडिल स्कूल जर्जर, नए भवन की मांग

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओड़िशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत परकोम के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन कापी जर्जर हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार भवन को बने लगभग 40 वर्ष से अधिक हो गए है। यहां भवन के छत का प्लास्टर गिर रहा है। सरिया पूरी तरह सड़ गई है, कभी भी भरभरा कर गिर सकती है। स्कूल में कक्षा छठवीं से लेकर आठवीं तक के लगभग 86 बच्चे दर्ज है। अतिरिक्त भवन में कक्षाएं संचालित हो रही है। वहां के ग्रामीणों ने शासन से नवीन भवन की मांग की है।

### कार्रवाई : नवापारा तहसीलदार के नेतृत्व में पहाड़ जैसे रेत के ढेर को किया गया जब्त

## माफियाओं पर शिकंजा, 9 स्थानों पर 759 हाईवा अवैध रेत भंडारण जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा तहसीलदार सृजन सोनकर के नेतृत्व में नवापारा तहसील क्षेत्र के नवागांव, जौंदा, जौंदी, रामपुर, डंगनिया के अलग-अलग 9 स्थानों पर किए गए अवैध रेत भंडारण जब्त किया गया। तहसीलदार श्री सोनकर ने हरिभूमि को बताया कि उन्होने 759 हाइवा रेत जो अवैध रूप से भंडारण किया गया था इस पर जब्ती की कार्रवाई किया है। मालूम हो कि यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है जिसमें प्रशासनिक अफसर का सीधा दखल है। ये सभी को मालूम है कि रेत माफियाओं द्वारा क्षेत्र के नदी नालों में चैन माऊंटेन मशीन लगाकर अवैध रूप से रेत उत्खनन बेधड़क रूप से किया जा रहा है। इन्हें न तो शासन का भय है और न ही आम जनता का। चौबीसो घंटे रेत से भरी हाइवा नया रायपुर और इस शहर से होकर गुजरती है। तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम छापा मारने के लिए निकली थी जिसमें तहसीलदार के अलावा राजकुमार साहू, पटवारी धीरज शर्मा, सुनील शर्मा सहित कई अधिकारी शामिल थे। यह पहला मौका है जब पहाड़ जैसे रेत के ढेर को जब्त किया गया है। यह ढेर बिल्कुल सड़क किनारे रखा गया है।



### भंडारण करने नहीं ली अनुमति

*जानकार बताते है कि बारिशकाल लगने के पहले माफिया इस तरह की करतुत करते है। जगह-जगह भंडारण करते है। भंडारण करने के पहले प्रशासन से नक्शा, खसरा पास कराने के साथ ही अनुमति भी लेनी पड़ती है। परंतु माफियाओं ने अनुमति नहीं ली थी इसलिए उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ा। बता दें कि बरसात अभी दो महिना देर है परंतु माफिया अभी से इस काम में लग गए है। ग्रामीणों ने बताया कि नदी से लाकर रोज रात में सड़क किनारे भंडारण होता है और यही से हाइवा में भरा भी जाता है। प्रशासन के इस बड़ी कार्रवाई के बाद देखना होगा कि आगे इस तरह का भंडारण होगा कि नही?*

### यहां भंडारण करना पाया गया

तहसीलदार सृजन सोनकर द्वारा पीडीएफ फाइल बनाकर दी गई जानकारी के मुताबिक नवागांव में अनिल साहू पिता नीलकंठ साहू द्वारा खसरा नंबर 1059 शासकीय भूमि में 40 हाइवा, रवि साहू पिता बालाराम साहू द्वारा खसरा नंबर 986 लगानी भूमि में 100 हाइवा, खसरा नंबर 1014 लगानी भूमि में 173 हाइवा,खसरा नंबर 992 शासकीय भूमि में पूर्णानंद साहू पिता सेवक साहू द्वारा 51 हाइवा, खसरा नंबर 8 सम्मिलात मनहरण साहू पिता सुखराम साहू, अनिल पिता नीलकंठ साहू, पूर्णानंद पिता सेवक साहू द्वारा अवैध रेत भंडारण करना पाया गया। तहसीलदार के टीम द्वारा वैध दस्तावेज की मांग की गई जिसे प्रस्तुत नही किया जा सका। यहां पर 129 हाइवा जप्त किया गया। इसी तरह ग्राम जौंदी और डंगनिया में खसरा नंबर 124/2 आबादी भूमि में त्रिलोकी पिता कलीराम द्वारा 60 हाइवा, ग्राम जौंदा के खसरा नंबर 1501/2, 1502/1, 1502/5 के लगानी भूमि पर 87 हाइवा, टेशु साहू पिता इंद्रकुमार साहू जौंदा खसरा नंबर 1089 शासकीय भूमि में 58 हाइवा,डंगनिया के खसरा नंबर 804/1 शासकीय भूमि में अजय साहू पिता अर्जुन साहू द्वारा 61 हाइवा रेत भंडारण करना पाया गया।

## गलत प्रश्न पत्र बांटने के मामले में केंद्राध्यक्ष समेत तीन निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा 2025 के दौरान गरियाबंद जिले में गंभीर लापरवाही सामने आई है। फिंगेश्वर विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी केन्द्र कोड-2208 में 4 अप्रैल को आयोजित कक्षा 12वीं गृह विज्ञान विषय की परीक्षा में छात्रों को कक्षा 10वीं के गृह विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र बांट दिए गए।

जानकारी के अनुसार, परीक्षा शुरू होने के बाद गलती का पता चलते ही केन्द्राध्यक्ष और सहायक केन्द्राध्यक्ष ने सभी प्रश्न पत्र वापस लेकर थाने में जमा कराए। इसके बाद सही प्रश्न पत्रों का वितरण कर परीक्षा पुनः संचालित की गई। विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय भी दिया गया। परीक्षा जैसी गोपनीय और संवेदनशील प्रक्रिया में हुई इस बड़ी चूक के लिए केन्द्राध्यक्ष नारायण सिंह चन्द्राकर व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेका, सहायक केन्द्राध्यक्ष तुलसी राम यादव व्याख्याता, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहरसी और जिला प्रतिनिधि आब्जर्वर नीतू शाह व्याख्याता, शासकीय हाईस्कूल तरीघाट को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया। कलेक्टर कार्यालय शिक्षा विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों अधिकारियों को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के तहत निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, गरियाबंद कार्यालय नियत किया गया है। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले की खबर हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी, जिसके बाद प्रशासन ने गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई की।

## एक राष्ट्र एक चुनाव से रुकेगा संसाधनों का अपव्यय : साहू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शनिवार को शहर के गायत्री मंदिर परिसर में अधिवक्ता संघ द्वारा एक राष्ट्र-एक चुनाव विषय पर प्रबुद्धजन सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता छग स्टेट वेयरहॉउस कॉपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ,राजिम विधायक रोहित साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष दशरथ सिन्हा सहित अधिवक्तागण व प्रबुद्धजन शामिल हुए। मुख्य वक्ता चंदूलाल साहू ने एक राष्ट्र-एक चुनाव की उपयोगिता व सामाजिक महत्व का समाज में प्रभाव बताया। कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव होना अति आवश्यक है। इससे बार-बार मतदान से होने वाली परेशानियों के साथ अनिश्चितता का दौर समाप्त होगा। एक बार में चुनाव हो जाने से संसाधन का अपव्यय रुकेगा।

### एक राष्ट्र एक चुनाव से लोकतंत्र होगा मजबूत :रोहित

इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सुरक्षाबलों पर दबाव कम होगा तथा नागरिकों के समय की बचत होगी जिससे सार्वजनिक भागीदारी बढ़ेगी और लोकतंत्र मजबूत होगा। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र के लिए यह लंबी अवधि के लिए समाधान हो सकेगा। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने एक राष्ट्र एक चुनाव के विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि एक ही समय पर सभी चुनाव होने पर लाखों करोड़ रुपए की बचत होगी। एक राष्ट्र एक चुनाव से होने वाली बचत से विकास का नया अध्याय लिख सकते हैं। यह निर्णय व्यक्तिगत हित से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में परिवर्तनकारी कदम सिद्ध होगा। कार्यक्रम का संचालन नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने किया तथा स्वागत उद्बोधन अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष दशरथ निषाद ने किया। आभार प्रदर्शन एक राष्ट्र एक चुनाव के जिला संयोजक चंद्रशेखर साहू ने किया। इस अवसर पर विक्रम मेघवानी,राजेश ठाकुर,हेमराज साहू,निखिल यादव,सुनील श्रीवास्तव,रोमन साहू,ओमप्रकाश वर्मा,मनीराम साहू,संतोष साहू,टीकम साहू,हरीश साहू सहित अधिवक्तागण,व्यापारी गण, पेंशनर्स समाज गायत्री परिवार व प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## तिरंगा चौक पर फूंका आतंकवाद का पुतला पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों की शहर में गूंज



**गरियाबंद।** जम्मू-कश्मीर के पाहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के विरोध में गरियाबंद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक पर आतंकवाद का पुतला दहन कर गुस्सा जाहिर किया। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद और भारत माता की जय के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। प्रदर्शन की शुरुआत कांग्रेस भवन से हुई, जहां शहर अध्यक्ष प्रेम सोनवानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली। हाथों में तिरंगा और आतंकवाद विरोधी बैनर थामे कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए तिरंगा चौक पहुंचे। यहाँ आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला जलाकर आतंक के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रेम सोनवानी ने कहा की पाहलगाम में मासूमों का खून बहाने वाले आतंकियों और उनके आका पाकिस्तान को अब जवाब देना होगा। यह भारत पर हमला है और हम चुप नहीं बैठेंगे। केंद्र सरकार आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्षद छगन यादव ने कहा की आतंकवाद मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन है। पाहलगाम हमला हर भारतीय के दिल को झकझोरने वाला है। कांग्रेस कार्यकर्ता आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। प्रदर्शन में प्रेम सोनवानी, छगन यादव, सनी मेमन, मुकेश पांडे, वीरू यादव, सेवा गुप्ता, अवधराम यादव, प्रहलाद यादव, नागेश गजभिए, सुरजीत कुटारे, सविता गिरी, विमला यादव, शीला तांडी, ममता फूलझेले, प्रतिभा पटेल सहित महिला कांग्रेस और विभिन्न प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल रहे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### नेपाल में आयोजित अंडर 19 प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

## जिले के युवाओं ने अंतरष्ट्रीय कबड्डी स्पर्धा में लहराया जीत का परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के युवाओं ने अंडर 19 श्रेणी अंतर्गत भारतीय कबड्डी टीम में शामिल होकर नेपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता को जीतकर पहला स्थान हासिल किया है। भारतीय टीम में गरियाबंद जिले के 5 युवाओं ने शामिल होकर देश सहित जिले का भी नाम रौशन किया है। यूथ गेम्स इंटरनेशनल चैम्पियनशिप 2025 प्रतियोगिता नेपाल के पोखरा स्थान में 16 से 20 अप्रैल तक आयोजित हुआ था। इसमें जिले से राकेश कुमार नागेश, प्रेम सागर दीवान ग्राम रूवाड़, योगेश कुमार ध्रुव ग्राम गंजईपुरी, पुनेश ठाकुर ग्राम रामपुर एवं हरिश कुमार ग्राम बारूला ने भारतीय टीम में शामिल होकर नेपाल के विरूद्ध जीतकर पहला स्थान हासिल किया। युवाओं ने सारंगढ़ के अपने कोच श्री अरूण खुंटे के माध्यम से उक्त प्रतियोगिता में भाग लेकर सफलता हासिल की। गांव से निकलकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में शामिल होकर सफलता का परचम लहराने पर कलेक्टर श्री भगवान सिंह उइके ने विजयी युवाओं से मुलाकात की।



### खेल क्षेत्र में करें उत्कृष्ट प्रदर्शन

इस दौरान जनपद सदस्य प्रगति देवांगन भी मौजूद रही। कलेक्टर ने जिले के विजयी खिलाड़ियों को जीत की बधाई देते हुए खेल क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रौशन करने की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह जिले के लिए बहुत ही गर्व की बात है। इस युवाओं से जिले के खिलाड़ी एवं अन्य युवाएं भी आगे बढ़ने के लिए प्रोत्सहित होंगे। ग्रामीण युवाओं को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आगे ले जाने एवं प्रोत्साहित करने में मैनपुर-2 क्षेत्र क्रमांक 4 से जनपद सदस्य विशेष योगदान रहा। उन्होंने जिले के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शामिल होने एवं आगे बढ़ने के लिए विशेष रूप से मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहित किया।

## नास्ते के दौरान गिरा पैसा, होटल वाले ने ईमानदारी से लौटाया

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में एक छोटे से होटल वाले युवक ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक मिशाल कायम किया है जिसका नगर सहित क्षेत्र में चर्चा हो रही है साथ ही लोगों ने होटल वाले के इस कार्य के चलते उनके तारिफ कर रहे है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर के दुर्गा मंच के सामने गोपालपुर कोदोभाठा का निवासी पुरूशोत्तम दास वैष्णव छोटा सा होटल ठेला खोलकर जीवन बसर करता है कल 25 अप्रेल 2025 को दूसरे शहर के नागरिक मोटर सायकल से उनके दुकान में पहुंचकर चाय नाश्ता किया और वहां से चाय नास्ता करने के बाद चला गया। साथ ही उनके जेब से 5 हजार तीन सौ पचास रूपये उनके होटल में गिर गया जिस पर थोड़ी देर बाद होटल व्यवसायी पुरूशोत्तम दास वैष्णव का नजर पड़ा तो उन्होने उनके पैसा को सुरक्षित अपने पास रख लिया और आसपास दुकानदारों व वरिष्ठ नागरिकों उनकी जानकारी दी तब लोगों ने होटल में नाश्ता करने वाले व्यक्ति के संबंध में जानकारी जुटाई और उन्हे बुलाकर बकायदा होटल व्यवसायी द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए 5 हजार तीन सौ पचास रूपये लौटाया तो अपने गुम हो चूके पैसा को पाकर ग्रहक का चेहरा खुशी से खिल उठा उन्होने होटल व्यसायी को पुरूशोत्तम दास वैष्णव को गले से लगा लिया और कहा की दुनिया में अभी भी ईमानदारी जिन्दा है इसके लिए उन्होने होटल व्यवसायी को दिल से धन्यवाद दिया।



## खबर संक्षेप

### तरीघाट में भागवत कथा का हुआ समापन



**कोपरा।** श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह ग्राम तरीघाट कुण्डेलज दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण 17 से 25 अप्रेल तक कथा का समय 10 से 1.30 तक 3 बजे से 6 बजे तक प्रतिदिन भंडारा के साथ आयोजन किया गया था। आयोजन का समापन 25 अप्रेल को हवन एव गीता पाठ व उनके उद्देश्य के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम का मुख्य डा फागमन साहू, रमाकांत साहू गायग्वाल परिवार थे। व्यास पीठ से कथा प्रतिदिन भगवताचार्य पं. श्री आशिष कष्ण तिवारी जी विजय नगर दुर्ग थे। इस नौ दिन में गौकर्ण महात्म,शुकदेव आगमन, सृष्टि वर्णन कपिल उपदेश, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, पृथु चरित्र, भरत चरित्र, प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष गमन, अवतार राम कृष्ण जन्मोत्सव, बाल लीला, गोवर्धन पुजा, कंसवध, रूखमणी विवाह अनन्या विवाह, स्मन्तक मणि, सुदामा चरित्र, गुरु उपदेश परमधाम परिक्षित, गीता सार की कथा कही गई। कार्यक्रम के आयोजक डॉ. फागमन साहू, रमाकांत साहू, गोपाल साहू गाय ग्वाल गोपाल साहू परिवार एवं समस्त ग्रामवासी तरीघाट कुंडेल का विशेष सहयोग रहा है।

**कार्यक्रम :** कुंडेल में त्रिदिवसीय संगीतमय मानसगन का हुआ समापन

# हर पात्र व्यक्ति को मिले पीएम आवास का लाभ : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर

ग्राम कुण्डेल में एक लम्बे अंतराल के पहले की भांति इस वर्ष भी ग्रामवासियों के तत्वावधान में सरपंच गज्जु सिन्हा के विशेष सहयोग से तीन दिवसीय आयोजन ग्राम के हनुमान मंदिर प्रांगण में 22 से 24 अप्रैल को संपन्न हुआ। मानस गान आयोजन का यह शानदार आयोजन था जिसमें समस्त ग्राम वासी व क्षेत्रवासियों ने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया। इस वर्ष राज्यभर के ख्यातिप्राप्त 18 मंडलियां व स्थानीय स्तर के चार मानस मंडलियां अपनी संगीतमय प्रेरक भक्ति भजन की प्रस्तुति दी। जिसमें श्रोताओं को झुमने थिरकने मजबूर हूये। दर्शक दीर्घा से मंचस्थ मंडलियों को पुरूस्कार देने झडी लगी। मंगलवार को क्षीर मानस परिवार जमाही,लवन्या मानस परिवार जमाही, कर्पूरम मानस परिवार कोपरा, राम मानस परिवार भलेसर, बुधवारस्थानीय मानस मंडली जमाही, भूमिजा महिला मानस मंडली, अंजनेय मानस मंडली बागबाहरा, स्वतः सुखाय मानस मंडली छुइहा, प्रज्ञा मानस परिवार सोरिद, अर्चना महिला मानस मंडली बड़ी करेली, जय सिद्धेश्वर मानस मंडली देवर तिल्दा, गुरूवार स्थानीय मानस मंडली, गोपेश्वर बालसखा बिहाझर बागबाहरा, श्री राम मानस परिवार मोतिमपुर महामाया मानस मंडली, पावन धरा मानस परिवार छुईहा, द्रोपती मानस परिवार अछोला, परमेश्वर मानस परिवार सेम्हरतरा प्रकृति में शामिल हैं।





### आवास के लिए किसी को पैसे न दें : रोहित

आयोजन के प्रथम दिन मुख्यअतिथि के रूप मे राजिम विधायक रोहित साहू ,अध्यक्षता इंद्राणी नेहरू साहू, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि राजिम विजय कंडरा ,पूर्व जिला पंचायत सदस्य भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू , जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू,सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, सरपंच कुण्डेल गज्जु सिन्हा थे। विधायक रोहित ने सम्बोधन करते कहा हर पात्र परिवारों को पीएम आवास पाने का अधिकार है। वर्तमान में सर्वे टीम आपके घर पहूंच रहे हैं। उन्होंने सरपंच, सचिव से कहा समय पर हर पात्र को आवास की प्राथमिकता में सुनिश्चित करें। यह भी कहा किसी के पैसे लेने देने की बहकावे में नहीं आए। विधायक ने शासन की विभिन्न योजनाओं को निनाये। सरपंच गज्जु की मांग पर 5 लाख की सीसी रोड, 8 लाख की टीना शेड स्वीकृत कराने की घोषणा किया। वहीं कार्यक्रम के पुर्व खाद्यान्न गोदाम,टीना शेड का लोकार्पण भूमि पूजन किया। गज्जू सिन्हा सरपंच, कुश बाई तुलसी पुरेना उपसरपंच, सरस्वती बाबूलाल सतनामी, खुशबू रमेश कुमार सिन्हा, निशा यादराम सिन्हा, जयप्रकाश सिन्हा, सेवा राम पटेल, डिगेश्वरी कामता सिन्हा, रेखराम ढीठी, रेखा पीताम्बर चक्रधारी, राजकुमारी, शाम बाई झुनऊ दिवान रमेश सिन्हा ,भारत सिन्हा,अनरूद सिन्हा, मंच संचालक पूर्व सरपंच लाला साहू, विधायक निज सहायक किशोर साहू, भाजपा कार्यकर्ता रमेश सिन्हा, सरपंच खूटेरी बेनी शंकर साहू, चेतन सिन्हा, कुंजलाल सिन्हा, देवलाल चक्रधारी, बिसन दिवान, मनहरण सिन्हा, कन्हैया सिन्हा, चतुर, बसंत, रेवा, संतोष निर्मलकर, खोमन सिन्हा, ओमबति सिन्हा, सत्य बाई सिन्हा, स्वागत के साथ कार्यक्रम में उपस्थित थे।

# सिर्रीखुर्द में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम ने बटोरी सराहना



**छुईहा बेलर।** शिक्षा में गुणात्मक सुधार एवं माताओं की सहभागिता के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा विभिन्न गतिविधि आधारित शिक्षा के लिए अंगना म शिक्षा पढई तिहार कार्यक्रम प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में शूक्रवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, भाजपा नेता रामाधार साहू , अध्यक्ष सहकारी समिति जामगांव लचकेरा थे। ने मां शारदे की पूजा अर्चना कर अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द अपनी रचनात्मक गतिविधियों में हमेशा चर्चा में रहता है और निरंतर बच्चों को नवाचार के माध्यम से सीखने सिखाने की गतिविधियां कराई जाती है।

अंगना म शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत किया गया जिसमें माता के लिए नौ काउंटर बनाया गया था साथ ही गतिविधि के अंतर्गत बच्चों को जोड़ने की कौशल सिखाने के उद्देश्य से गोटा खेल से सम गणित की गतिविधि कराई गई। कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों तथा उनको माताओं, एसएमसी सदस्य एवं शिक्षक के साथ बच्चों ने खेल-खेल के माध्यम से 1 से 50 तक की संख्याओं का जोड़ व पहाड़ा की अवधारणा का समझ विकसित करने के लिए गतिविधि कराया गया। जिसमें छोटे-छोटे गोल पत्थर को माताएं एक पत्थर को उछाल कर दूसरे पत्थर को उठाती है और जीते हुए पत्थर को अपने पास में रख लेती हैं। कार्यक्रम बहुत ही शानदार रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेंद्र वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत सिर्रीखुर्द, प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक घनश्याम कंवर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा सेन, मंदाकिनी साहू, निरूपा निषाद, द्रोपती साहू, अगेश्वरी साहू, ग्रामीण जनों के साथ शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहे।

# अपने देश में ही जान का डर : राजेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रसेला

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 28 हिन्दू नागरिकों की आतंकवादियों द्वारा की गई जघन्य हत्या की कड़ी निन्दा करते हुए जिला भाजपा गरियाबंद पूर्व अध्यक्ष राजेश साहू ने इसे कायराना हरकत बताया है। उन्होंने कहा कि कब तक हम अपने ही देश में मारे जाएंगे। कब तक सहेंगे। हमें सीखना होगा इजरायल से बहुत ही छोटा सा देश है पर उस पर हमला करने से पहले 100 बार सोचना पड़ता है। ये 6 से 8 आतंकवादी तो मोहरें है। इनको जो प्रायोजित कर रहा शह दे रहा पड़ोसी मुल्क अब समय आ गया है कि उसे मुंह तोड जवाब दिया जावे। इसी कड़ी में मलेवा अंचल के भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जयसवाल ने कहा कि जो शहीद हो गए वो तो नहीं आ सकते पर उनकी आत्मा को उनके परिवार को शांति तो मिलेगी किसी का भाई, किसी का बेटा, किसी का पति, किसी के पिता का साया ही सिर से उठ गया। आज हर भारतीय आक्रोश से भरा है, उसका लहू उबाल मार रहा और चीख चीख कर कह रहा अब बहुत हो गया, इसका बदला लेना ही होगा, उस पड़ोसी देश को बताना होगा कि हिंदुस्तान क्या है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष पीलू राम यादव ने कहा कि निहत्थों पर धर्म पुछ कर आतंकवादियों ने उन्हें निशाना बनाया। जिसकी जितनी निंदा की जाएं वह कम है। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से परिवार समेत छुट्टी मनाने गए नागरिकों को मारकर पड़ोसी देश ने यह साबित कर दिया है कि उनके मन में कितनी नफरत भरी हुई है।

### बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा

जनपद सदस्य सहकारिता सभापति सुखराम ठाकुर ने कहा कि आज समय है ऐसे आतंकवादियों को चुन चुनकर सजा देने का है। पूरा देश आज सैलानियों को श्रद्धांजलि दे रहा है और उनका बलिदान जाया नहीं जायेगा। भाजपा युवा नेता भुवेन्द्र मरकाम ने कहा कि इस बात का प्रमाण है कि दुश्मन की मानसिकता कितनी नीच, विद्वेष पूर्ण एवं छाया युद्ध की शैली में विकृत हो चुकी है। ग्राम पटेल लोकराम यादव ने कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध आर्थिक, राजनीतिक एवं सैन्य प्रतिबंध लगाया जाए क्योंकि पहलगाम का यह हमला केवल आतंकी हमला नहीं है बल्कि हमारे धैर्य, शक्ति एवं चेतना की परीक्षा है और यह देश की संप्रभुता पर हमला है। सेवा निवृत्त शिक्षक दयाराम नागेश ने कहा कि इस घटना ने केवल जम्मू-कश्मीर को, बल्कि पूरे भारत को झकझोर कर रख दिया है। आतंकी हमलें को निंदनीय एवं अक्षम्य बताया। ग्राम रसेला के वरिष्ठ नागरिक धनेश राम ठाकुर ने कहा कि बेगुनाह भारतीय पर्यटकों को निर्मम हत्या से मन दुखी है। दुख की इस घड़ी में मृतक के परिजनों एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति शोक एवं संवेदना व्यक्त करते हैं। घटना में घायल लोगों के शीघ्र ठीक होने की कामना करता हूं।

# रानीपरतेवा स्कूल के परीक्षा परिणाम घोषित



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शिक्षण सत्र 2024-25 में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानीपरतेवा के कक्षा 9वीं एवं 11वीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा आज 26 अप्रैल को शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद शांडिल्य की अध्यक्षता में घोषित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से क्षेत्र के जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, सरपंच हेमलाल नेताम, सांसद प्रतिनिधि रमन नामदेव, ग्राम सभा अध्यक्ष सोमन यदु, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार साहू उपस्थित थे। परीक्षा परिणाम इस प्रकार रहा- कक्षा 11 वीं से मेघा साहू 86.4% लेकर प्रथम स्थान पर रहीं, द्वितीय स्थान पर योगिता प्रजापति 82% एवं तृतीय स्थान पर हेमराज निषाद 77.6% उसी प्रकार कक्षा 9वीं से 92.5% लेकर पूजा सेन प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान पर आंचल निषाद 85.3% एवं 84.16% लेकर दीक्षा मानिकपुरी तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम के दौरान पालकों एवं छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर ने कहा की परीक्षा एक सीख है। छात्र -छात्राओं के साथ-साथ हर व्यक्ति को जीवन में निरंतर सीखना चाहिए। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रभारी प्राचार्य के साथ साथ श्रीमती सुधा द्विवेदी व्याख्याता, एसएस मार्कण्डेय व्याख्याता, एसके दुबे व्याख्याता, डी. ठाकुर उपस्थित रहे।

# शिक्षा प्रणाली में रामत्व का समावेश समय की आवश्यकता है : डॉ. अम्बर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

भारतीय शिक्षण मंडल, छत्तीसगढ़ प्रांत के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर शिक्षा में रामत्व विषय पर एक महत्वपूर्ण व्याख्यान का आयोजन किया गया। आईएसबीएम यूनिवर्सिटी एवं भारतीय शिक्षण मंडल, छत्तीसगढ़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय शिक्षण मंडल, छत्तीसगढ़ के प्रान्त मंत्री *डॉ अम्बर व्यास* ने महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद महलवार ने किया तथा विषय की प्रस्तवना विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बीपी भोल ने प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता डॉ. अम्बर व्यास ने 'शिक्षा में रामत्व' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि हमारी शिक्षा व्यवस्था दोषपूर्ण हो गई है। प्राचीन काल में जब गुरुकुल पद्धति से शिक्षा दी जाती थी तो भारत साहित्य, संगीत, दर्शन, विज्ञान, आयुर्वेद और खगोल के क्षेत्र में बहुत आगे था। जब दूरबीन नहीं थी तो भी हमारे ऋषि मुनि खगोल विज्ञान के विभिन्न चीजों की सटीक जानकारी रखते थे और इससे शिक्षा का भो विकास होता था और व्यक्तित्व का भी। अंग्रेजों ने अपनी शिक्षा पद्धति थोप कर हमारे विचारों को रोक दिया और हमें एक ऑफिस में काम करने वाले क्लर्क के रूप में बना दिया।



### शिक्षा नीति में हर विषय का अपना दर्शन

उन्होंने कहा कि राम के तत्वों अर्थात राम के गुणों को शिक्षा में स्थापित करने की आवश्यकता है। स्वागत वक्तव्य देते हुए आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि पहले दर्शन एक अलग विषय होता था लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हर विषय का अपना दर्शन है। यही रामत्व है कि राम का गुण प्रत्येक क्षेत्र में हमें अपनाना होगा श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम राम इसलिए हैं क्योंकि वे एक अच्छे राजा हैं, अच्छे पुत्र हैं, अच्छे पति हैं और अच्छे शिष्य हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूनम वर्मा ने किया। सरस्वती वंदना सुश्री रागिनी सोनी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के डीन डॉ पी. विश्वनाथन, के साथ अलग अलग संकायों के प्रमुख एवं विभिन्न विभागों प्राध्यापक कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष बने मुन्ना

**राजिम।** सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुर्रे ने तहसील स्तरीय सतनामी समाज परिक्षेत्र राजिम के दो बार अध्यक्ष रहे ग्राम बकली राजिम निवासी मुन्ना कुर्रे को रायपुर संभाग सतनामी समाज छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। मुन्ना कुर्रे को सतनामी समाज के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर रायपुर संभाग के सतनामी समाज एवं मुन्ना कुर्रे के शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया। चूंकि मुन्ना कुर्रे समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहते है जिस कारण उन्हें दो बार तहसील स्तरीय सतनामी समाज परिक्षेत्र राजिम के अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत बकली के दो बार सरपंच,जनपद सदस्य बनने का अवसर मिला। वे आज भी समाज हित के कार्यों में लगातार सहभागिता निभाते हैं। मुन्ना कुर्रे को युवा प्रकोष्ठ के संभागीय अध्यक्ष बनाने से युवा प्रकोष्ठ सतनामी समाज मजबूती के साथ सशक्त होगा। मुन्ना कुर्रे को संभागीय अध्यक्ष बनाए जाने पर डॉ. आनंद मतवाले गुरुजी संरक्षक सतनामी समाज राजिम,राधाकृष्ण टंडन अध्यक्ष सतनामी समाज अभनपुर, त्रिभुवन महिलांग,देवसिंह रात्रे, कोमल ढीढी, मुन्ना बांधे, नीलकमल गिलहरे, दिनेश बंजारे,हीरालाल बंजारे, तुलेश्वर घृतलहरे, सहदेव बंजारे, देवानंद मन्नाडे, सुघरमल आड़े, विष्णु जांगड़े, राकेश मांडरे, रेवा ओगरे, कोमल ढीढी, राकेश भारती, विजय गिलहरे, चम्पू नवरंगे, नेमीचंद बंजारे, राजेश गिलहरे, भागचंद चतुर्वेदी, खेमचंद मिरी, कमलेश खुंटे, नेमीचंद बंजारे, थानेश्वर बंजारे, कमलेश खूंटे, जीतू खूंटे सहित उनके शुभचिंतको मित्रों एवं समाज के लोगो ने बधाई दी है।



# राजनीति से दूर छत्तीसगढ़िया समाज का बड़ा तबका : रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा।

सरकार गठन के बाद विभिन्न आयोग व निगम के पदों पर नियुक्तियां जारी की जा रही हैं, लेकिन अभी तक छत्तीसगढ़िया समाज के एक बड़े हिस्सा को दूर रखा गया है, जिससे उपेक्षित करने के आरोप के साथ आक्रोश होना स्वाभाविक है। इस संबंध में छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महा संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने पत्र जारी कर मुख्यमंत्री व संगठन प्रमुखों को अवगत कराते हुए वंचित समाज को उचित स्थान देने की मांग किया है। वहीं गाड़ा समाज के द्वारा बाजा आयोग का गठन के मांग को रखते हुए वंचित समाजों में पनिका मानिकपुरी समाज, कोलता समाज, अहिरवार समाज, गडेरी समाज, राठौर समाज, यादव समाज, कहरा समाज, सारथी समाज, कंडरा बसोड समाज, नागरची समाज, धाकड़ समाज, देवांगन समाज, माली समाज, वैष्णव समाज, अमात्य गोंड समाज, सूर्यवंशी समाज, गहरा समाज, महार समाज, सुनार समाज , कुशवाहा समाज, लोधी समाज, व बया समाज,सोनकर समाज का उल्लेख कर निगम ,आयोग व मण्डल में इन्हें उचित स्थान देने का आग्रह किया गया है, पत्र में यह भी कहा गया है कि समाज के लोग काफी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व स्थानीय पदाधिकारी के रूप में कार्य करते हैं, तथा इस संबंध में प्रदेश प्रभारी जी के साथ समाज प्रमुखों की बैठक में बात रखा गया था, जिसमें पूर्ण रुप से सहमति व्यक्त किया गया।



# संत शिरोमणि सेन जी महराज को जयंती मनाई गई

**नवापारा-राजिम।** नगर सेलून संघ एवं सेन समाज द्वारा नवापारा के नेहरू गार्डन के करीब सामुदायिक भवन में सेन जयंती का आयोजन किया गया। संत शिरोमणि सेन जयंती में मुख्य अतिथि ओमकुमारी-संजय साहू, अध्यक्षता संतु राम सेन एवं विशेष अतिथि उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पार्षद एवं सभापति निर्मला- धीरज साहू, पूजा कंसारी, सचिन सचदेव, जीना निषाद, सहदेव कंसारी, लोमेश्वरी साहू, जग्गू यादव उपस्थित रहे। सेन समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। नपा अध्यक्ष ओमकुमारी ने अपने उदबोधन में सेन समाज को सेवा भाव से कार्य करने वाला बताया। कहा कि सेन समाज के लोग दुख एवं सुख दोनों ही समय लोगो के साथ रहते है। उनका सेवा भाव सभी को प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि भूपेंद्र सोनी ने सेन समाज के अनुकरणीय कार्यों की सराहना की। नवापारा नगर में संत शिरोमणि सेन जी महाराज की मूर्ति स्थापना की मांग की गई। कार्यक्रम में सेन समाज के संरक्षक गोविंद सेन, शंकर सेन, उपाध्यक्ष चंदन सेन, सचिव विनय सेन कोषाध्यक्ष देवेंद्र सेन एवं समाज के प्रमुख सभी प्रमुख प्रबुद्धजन महिलाएं बच्चे एवं युवा उपस्थित रहे।



# बिरोडार प्राथमिक शाला में मनाया गया पढ़ई तिहार



**छुरा।** शासकीय प्राथमिक शाला बिरोडार में छत्तीसगढ़ शासन की शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजना अंगना में शिक्षा पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित माताओं एवं पालकों द्वारा मां शारदे के चित्र पर पूजा अर्चना की गई पश्चात सभी का स्वागत किया गया अन्ना शिक्षा पढ़ाई बिहार के उद्देश्य के विषय में जानकारी देते हुए शिक्षक नेमिचंद यादव ने बताया कि वर्तमान में आंगनवाड़ी से जुड़े छोटे बच्चों को माताओं द्वारा घर पर ही बच्चों को शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है जिससे माताएं घरों में छोटे-छोटे बच्चों को खेल-खेल में बिना व्यय के घर में उपलब्ध सामग्री के माध्यम से गणितीय संक्रियाओं व भाषाई दक्षता में निपुण करना है अभी ग्रीष्म अवकाश की डेढ़ माह की छुट्टी प्रारंभ हो रही है इस समय बच्चे अपने घर में माता-पिता के संरक्षण में रहेंगे घर में समय का सदुपयोग किया जा सकता है बच्चों को अपने आसपास के वातावरण से अनेक प्रकार की ज्ञान एवं बेसिक जानकारी दी जा सकती है माता-पिता उनके प्रथम गुरु होते हैं इसलिए पहली कक्षा में प्रवेश के पूर्व बेसिक ज्ञान घर में सिखाया जाय। कार्यक्रम में आनंद राम ध्रुव प्रधान पाठक ईश्वर साहू हेमलता ध्रुव ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर भुनेश्वर ध्रुव एवं महिलाएं उपस्थित रहे।

# नामांतरण का फैसला स्वागतेय : टीकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ की सरकार ने जमीन के खरीद-फरोख्त के नामांतरण की प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए गजट नोटिफिकेशन (राजपत्र-अधिसूचना) जारी करके तहसीलदार के अधिकार को रजिस्टार एवं सब रजिस्ट्रार को को दे दिया है जो रजिस्ट्री के साथ स्वमेव हो जाएगा,का स्वागत करते हुए भाजपा नेता टीकम चंद साहू ने कहा कि यह फैसला निश्चित ही छत्तीसगढ़ के विकास के पहिया की गति को तेज करने वाला साबित होगा। राजस्व विभाग में लम्बित कार्य शीघ्र ही होंगे साथ ही क्रेता की जेब ढीली होने एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी। यह निर्णय मुख्यमंत्री बिष्णु देव का सुशासन के सिद्धांत को प्रतिपादित करता है। किन्तु उन्होंने यह भी कहा कि आज ग्रामीण जन राजस्व अमला के असहयोगात्मक रवैया से परेशान व पीड़ित नजर आता है और कोई भी एक साधारण एवं अविवादित मामला को लेकर भरी गर्मी, सर्दी एवं बरसात में तहसील अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी के चक्कर लगाकर ताउम्र चिन्तित व भयभीत होते रहते हैं। ऐसे अनेक अविवादित बंटवारा, शुद्धीकरण, नामांतरण, सीमांकन, डायवर्सन, भू-अभिलेख दूरूस्तीकरण एवं नक्शा, खसरा बटांकन के प्रकरण उपतहसील, तहसीलदार तथा एसडीएम के न्यायालय में लम्बित है जिसे निर्धारित समयावधि में निराकरण की आवश्यकता है।





**खबर संक्षेप**

## नई दिल्ली के कवि सम्मेलन में नूतन आज पढ़ेंगे कविता

**कोपरा।** काव्य हिंदुस्तान अंतर्राष्ट्रीय साहित्य समूह द्वारा आयोजित सातवां अखिल भारतीय सम्मान समारोह, पुस्तक विमोचन एवं



विराट कवि सम्मेलन तथा पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गांधी शांति प्रतिष्ठान दीनदयाल उपाध्याय मार्ग नई दिल्ली में 27 अप्रैल को होगा। जिसमें राजिम के कवि नूतन लाल साहू को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। श्री साहू नई दिल्ली में कविता पढ़ेंगे। बताना होगा कि नूतन लाल साहू विगत कई वर्षों से कविता लिख रहे हैं इनकी कविताएं देश-विदेश में पढ़ी एवं सुनी जा रही है। हाल ही में नेपाल में कविता प्रस्तुत किया था। इनके अलावा देश के प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्थाओं में भी कविता प्रस्तुत कर चुके हैं तथा कई सम्मान भी मिल चुका है। नई दिल्ली में कविता पढ़ने की खबर सुनकर लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। श्री साहू नई दिल्ली के लिए आज दिन शनिवार को रवाना हो जाएंगे।

## जल यात्रा के साथ अखंड रामायण सम्मेलन हुआ

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सतनामी समाज के तत्वावधान में तीन दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 26 अप्रैल को जल यात्रा के साथ संपन्न किया गया। तीन दिवसीय अखंड रामायण सम्मेलन आयोजन में 31 रामायण मंडलियों ने अपने प्रस्तुति दी गई। जिसमें सतनामी समाज के लोग जुटे रहे। इसमें चोवाराम पटेल, परशु, बलदाऊ, बृजेश, चिंताराम पटेल, हीरो, भागवत, शकुन, लाजवंती, सुनीता, कौशल, हेमा, डिकेश्वरी, विमला, रवि, महेंद्र, कमला, चिंता पटेला, संतोषी, सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि का सहयोग रहा। गांव में रामायण सम्मेलन का आयोजन 42 साल से चला आ रहा है।

**विरोध : जनआक्रोश रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए**

# नवापारा में आतंकी हिंसा के विरोध में उग्र प्रदर्शन, निकाली जनआक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

पिछले दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध में शनिवार की शाम नवापारा में सर्व हिंदु समाज द्वारा निकाली गई जनआक्रोश रैली में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। यह जनआक्रोश रैली शाम 5 बजे कर्मा मंदिर से निकलकर बस स्टेण्ड, सुभाष चौक, कुम्हार हटरी, सदर बाजार, इंदिरा मार्केट, पंजवानी चौक होते हुए मंडी मार्ग से पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पहुंचा। इस जनआक्रोश रैली में आतंकवाद के खिलाफ हर लोगों ने आक्रोश जाहिर किया। रैली में बड़ी संख्या में नगर के नागरिकगण, व्यापारीगण, जनसामान्य, सभी समाज के लोग, महिलाएं एवं युवाओं ने हिस्सा लिया। सर्व हिन्दू समाज के आह्वान पर शाम 5 बजे से नगर के अधिकतर प्रतिष्ठान बंद रहे। रैली में शामिल लोगों ने पहलगाम में हिंदुओं के निर्मम हत्या की कड़े शब्दों में निंदा की। आतंकियों द्वारा किए कायराना करतूत को अक्षम्य बताया। घाटी में शांति बहाली की कोशिश को नाकाम करने वाले आतंकी कभी भी अपने मंसूबे में नाकाम नहीं होंगे। रैली में शामिल जनसमुदाय ने एक स्वर में कहा कि देश के सुरक्षाबल एवं सरकार आतंकियों को उनके काले करतूत की कठोर सजा दें।



**ये रहे शामिल-** जन आक्रोश रैली में भारत माता की जय, पाकिस्तान मुर्दाबाद, वंदे मातरम, जय जय श्रीराम के जयकारे से पूरा नगर गूंज उठा। रैली में शामिल सभी लोगों के मन में बहुत ही पीड़ा एवं कष्ट का भाव साफ झलक रहा था। देश भक्ति की भावना से ओतप्रोत लोगो ने रैली में बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिसमें विशेष रूप से नगर पालिका परिषद ओमकुमारी-संजय साहू, नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, समाजसेवी कै लाश शुक्ला, प्रसन्न शर्मा, भाजपा नेता किशोर देवांगन, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग,अशोक गंगवाल,मुकुंद मेश्राम,बलराम देवांगन,रामा यादव, किशन सांखला,परदेशी राम साहू, डॉ राजेंद्र गदिया,बॉबी चांवला, राजा चांवला, गोविंदा कंसारी,शिखरचंद बाफना सहित सर्व समाज के लोग शामिल थे।

## नवापारा में मुस्लिम समाज ने लगाए पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे



नवापारा-राजिम। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर नवापारा मुस्लिम समाज ने भारी रोष जाहिर करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक में शनिवार को दोपहर 12 बजे आतंकवाद मुर्दाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और भारत सरकार से मांग किया कि आतंकवाद को खत्म किया जाए और पाकिस्तान जो कि घोषित आतंकी देश है उसको सबक सिखाया जाए। मुस्लिम समाज ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ का पुतला जलाकर अपना विरोध प्रदर्शन भी किया। इस दौरान मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अल्तमश सिद्दीकी, हाजी निजाम खोखर, बशीर चांगल, हाजी गुलाम खोखर, शफीक खान,हाजी इश्तियाक ढेबर, डॉक्टर रसीद भाई, रिजवान खोखर, अय्यूब सोलंकी, जुनैद चौहान, अशरफ चौहान, साजिद चांगल, गौहर खान,साजिद तिगाला सहित मुस्लिम समाज के लोग ने पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ रोष व्यक्त किया।

# धमनी स्कूल की वार्षिक परीक्षा के नतीजे घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

बच्चों के समग्र विकास के लिए बच्चों की प्रथम शिक्षिका अर्थात माता का बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य एवं सीखने के अवसरों से संबंधित बिंदुओं पर आधारित राज्य शासन की महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम अंगना म शिक्षा का आयोजन संकुल केंद्र किरवई के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धमनी में किया गया तथा बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत धमनी के सरपंच रामकली रामानन्द ध्रुव तथा अध्यक्षता संकुल समन्वयक सुखेन साहू एवं विशेष अतिथि के रूप सरपंच प्रतिनिधि रामानंद ध्रुव, प्रधान पाठक गोप कुमार साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर शिक्षक महेन्द्र पंत द्वारा ग्राम की माताओं और बच्चों को अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुये कहा कि अंगना म शिक्षा शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके माध्यम से हम अपने घर में स्थानीय संसाधन के मदद से अपने बच्चों को अध्ययन करा सकते हैं।विभिन्न खेलों एवं प्रयोग के द्वारा बच्चों सिखने की ललक पैदा होती है तथा वह स्वप्रेरणा से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित होते हैं।इस कार्यक्रम में अलग–अलग गतिविधियों के माध्यम से प्रभारियों द्वारा संतुलन बनाना, रंग पहचान, छोटा–बड़ा पहचान, फलों के नाम, गिनती आदि अन्य गतिविधियों का अवलोकन कराया गया एवं सक्रिय माता एवं उसके बच्चे का सम्मान किया गया।इस अवसर पर प्रधान पाठक गोप कुमार साहू ने ग्रीष्मकालीन अवकाश में बच्चों को इस तरह की गतिविधियों के द्वारा पढ़ाई से जोड़े रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक गोप कुमार साहू, संकुल समन्वयक सुखेन साहू, शिक्षक महेन्द्र पंत, पदमनी साहू, मनीषा दीवान तथा बड़ी संख्या में बच्चों की माताओं के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# साईं पीकरी धाम को बेहतर बनाने रणनीति तैयार की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम टेका में शीतला माता दरबार में ग्राम विकास समिति ग्राम पंचायत के सदस्य और गांव के बुजुर्गजनों तथा साई भक्तों की उपस्थिति में साईं पीकरी धाम और शीतला माता के प्रमुख सूत्रधार हनुमत सिंह का पुण्यतिथि मना कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे श्री साईं पीकरी धाम के विस्तार और भारतीय धर्मगुरु श्री चंद्रभानु जी सतपथी महाराज के साईं पीकरी पधारने के विषय में साईं भक्त और ग्राम वासियो इस मुद्दे को पूरा करने के लिए संकल्पित हुए और आगामी रणनीति भी तैयार की गई



। साई पीकरी धाम के प्रमुख ट्रस्टी मोहन ठाकुर ने बताया कि हनुमत सिंह ठाकुर की पुण्यतिथि के अवसर पर साईं पीकरी धाम को छत्तीसगढ़ राज्य का पर्यटक स्थल घोषित कराने के लिए सभी साई भक्तों का समर्थन है। श्री साईं बाबा और पूज्य गुरुदेव श्री चंद्रभानु जी के बताए मार्ग पर चलते हुए श्रद्धा और सबूरी को आधार बनाकर अपनी बात सरकार के समक्ष रखेंगे। इस कार्यक्रम में श्री साईं पीकरी धाम परिवार और ग्राम विकास समिति के प्रमुख दुर्गा सिंह ठाकुर, उपसरपंच बुधारु राम साहू ,नारायण साहू ,योगेंद्र ठाकुर ,ठाकुर परिवार के वरिष्ठ शालिक सिंह ठाकुर, टोमन साहू कमल साहू ,वीरेंद्र साहू, रेमन सिंह बैगा ,टेनु राम साहू तेजराम देवांगन ,डेरहु साहू  जीवन लाल साहू,और बहुत अधिक संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे । बताया गया कि सर्वप्रथम ग्राम की देवी शीतला माता और बजरंगबली की पूजा अर्चना कर हनुमत सिंह ठाकुर की प्रतिमा में पुष्प भेंट कर सभी लोगों को फल और मिठाई का प्रसाद वितरण किया गया और ग्राम के समस्त बुजुर्गों ,पंचायत के प्रतिनिधियों ,ग्राम विकास समिति के सदस्य गण और जरूरतमंदों को गमछा भेटकर सम्मान किया गया।

## राष्ट्रीय वेटर्न एथलेटिक्स स्पर्धा में हरीश ने तीन मैडल जीते

**फिंगेश्वर।** मैसूर में 21 से 23 अप्रैल तक 44 वां राष्ट्रीय वेटर्न एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस आयोजन में देश भर से 2500 खिलाड़ी शामिल हुए।छत्तीसगढ़ राज्य से 42 प्रतिभागियों ने राज्य मास्टर एथलेटिक्स संघ के महासचिव नबी मोहम्मद के नेतृत्व में इसमें भाग लिए। गरियाबंद जिला से 12 प्रतिभागियों ने भाग लिए। वहीं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा में पदस्थ स्पोर्टस टीचर हरिश्चंद्र निषाद ने भी 55 प्लस आयु वर्ग में भाग लिया और इस प्रतियोगिता में पदक जीतकर हरीश ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक,10000 मीटर दौड़ में रजत पदक और 5000 मीटर दौड़ में काँस्य पदक जीते। हरीश के इस उपलब्धि पर गरियाबंद पी.टी.आई.संघ,एथलेटिक्स संघ,संस्था के प्राचार्य एम.आर.रात्रे और स्टाफ,मित्रगणों ने हरीश को बधाई दी है। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी है।






संकलनकर्ता- भागीरथी सिन्हा, हरिभूमि संवाददाता छुईहा, मो. 9589469068

**खबर संक्षेप**

## पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** कोमाखान में पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को ओंकार सिंह ठाकुर पिता कृष्णा सिंह ठाकुर (28 वर्ष) ग्राम द्वारतराकला ने बताया कि 25 अप्रैल की सुबह 8 बजे उसके साथ घर के सामने गली में पुराने विवाद को लेकर आरोपी रोहित ठाकुर, हेमचंद बरिहा, मनोज ठाकुर, बुधियारिन बाई ठाकुर ने गाली गलौज कर मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ 296, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी तरह मारपीट के एक अन्य मामले में पटेवा थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को महेश राम निषाद निवासी रायतुम ने बताया कि 25 अप्रैल की रात वह गांव के च्वाईस सेंटर के सामने टहल रहा था। करीब 7 बजे आरोपी राजकुमार साहू व तेजराम साहू ने एक राय होकर पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का और डंडे से मारपीट कर दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### निरक्षण : कलेक्टर ने सड़क, शासकीय निर्माण कार्य एवं देवभोग स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

# निर्माण कार्यों में लाएं तेजी, स्वास्थ्य केंद्र में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के नवनियुक्त कलेक्टर बीएस उइके ने जिले में नियुक्ति के पश्चात शनिवार को प्रथम प्रवास के तहत मैनपुर एवं देवभोग क्षेत्र का सघन दौरा किया। उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न जगहों में पहुंचकर शासकीय निर्माण कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही देवभोग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी पहुंचकर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्री उइके ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कमार बसाहट को पक्की सड़क से जोड़ने डुमाघाट से चिटकीमुड़ा तक बन रहे 3.8 किलोमीटर सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क में पीएमजीएसवाई विभाग द्वारा गुणवत्ता परीक्षण के लिए किए जा रहे स्ट्रैंथ टेस्ट का अवलोकन किया। कलेक्टर ने सड़क निर्माण के कार्यों को समय सीमा में तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्यों में अच्छे क्वालिटी के सामग्रियों का उपयोग करने को भी कहा। कलेक्टर ने इस दौरान आसपास के ग्रामीणों से भी चर्चा की। उन्होंने गांव में उपलब्ध बिजली, पानी एवं मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। तत्पश्चात कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्ग अंतर्गत मदांगमुडा से देवभोग तक डामरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ बचे हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धौराकोट पहुंचकर समाधान शिविर आयोजित होने वाले स्थल का भी अवलोकन किया। उन्होंने छायेदार जगह को शिविर के लिए चिन्हांकित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने देवभोग में निर्माणाधीन एसडीएम, तहसील कार्यालय एवं न्यायालय परिसर का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में प्रगति लाते हुए तेजी से कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम तुलसीदास मरकाम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



### मैनपुर के तौरेंगा ग्राम में ग्रामीणों ने कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 22 किमी दूर ग्राम तौरेंगा पहुचे गरियाबंद कलेक्टर को ग्रामीणों ने गांव में बिजली लगाने, नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण, तौरेंगा के आश्रित ग्रामों में बिजली लगाने मांग पत्र सौपा इस दौरान सरपंच सोहन्तीन सोरी, उपसरपंच फगनीबाई यादव, बनसिंह सोरी, अनुप कश्यप, बुधियाबाई नेताम, गंधारी नागेश, पुनई बाई नागेश, खिरधर कश्यप, सोनबाहरीन यादव, संजू बाई यादव, ग्राम पंचायत के सचिव प्रेमध्रुव व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने देवभोग सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा

कलेक्टर श्री उइके ने देवभोग प्रवास के दौरान देवभोग के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं एवं मरीजों के इलाज के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने अस्पताल में उपलब्ध बिस्तरों की संख्या एवं संसाधनों की भी जानकारी ली। साथ ही सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश मौके पर मौजूद प्रभारी अधिकारियों को दिए। उन्होंने किडनी मरीजों के इलाज के लिए केंद्र में संचालित डायलिसिस यूनिट का भी जायजा लिया। कलेक्टर ने देवभोग के स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, जनरल वार्ड, ड्रेसिंग कक्ष, प्रयोगशाला, एक्सरे कक्ष, टीकाकरण कक्ष, फार्मेसी स्टोर, जेनेरिक दवा दुकानों सहित पूरे परिसर का अवलोकन कर संधारित रिकार्ड के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अस्पताल में भतएँ मरीजों से अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होने चिकित्सकों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार एवं बेहतर देखभाल सेवाएं प्रदान करने के निर्देश दिए।

## गर्मी में स्कूल बंद, पर खुल रहे हैं आंबा केंद्र, पालकों ने जताई चिंता



**रसेला।** क्षेत्र में रिकॉर्डतोड़ गर्मी के चलते सभी स्कूलों की गर्मी की छुटियां हो गई है। हीटवेव की गंभीरता को देखते हुए यह फैसला बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। हालांकि इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र अब भी खुल रहे हैं, जहां 6 साल तक के छोटे बच्चे जाते हैं। इस पर अभिभावकों ने चिंता जताई है। अभिभावक भुवन भुजिया, भुनेश्वर, पुराण, प्रेम सिंह कोमर्रा, लोमेश नायक, अनिल बारिक, यशराम कोमर्रा, भानसिग, सोमनाथ नागेश, टेसराम निषाद, चम्पेश्वर निषाद, रमेश राजपुत सहित सभी पालकों का मानना है कि इतनी छोटी उम्र के बच्चे हीटवेव से सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उनका शरीर तेज गर्मी को संभालने में सक्षम नहीं होता, जिससे डिहाइड्रेशन, बुखार और हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने 2024 में गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद कर पोषण आहार सामग्री घर घर पहुंचाई थी। अब 2025 में भी ऐसी ही पहल की मांग अभिभावकों द्वारा की जा रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी की अवधि और तीव्रता दोनों में वृद्धि हो रही है। इससे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण प्रभावित हो रहें हैं। सभी पालकों एवं जनप्रतिनिधियों ने सरकार से अपील की है कि जैसे स्कूलों को अस्थाई रूप से बंद किया गया है, वैसे ही आंगनबाड़ी केंद्रों को भी बंद किया जाए। साथ ही पोषण आहार सामग्री को बच्चों के घर तक पहुंचाई जाए।

# गौ रक्षा को समर्पित जागरण अभियान की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गो जन जागरण अभियान के चौथे दिन जागरण यात्रा श्री कुंज बिहारी गौशाला समिति के सचिव शीतल ध्रुव का नेतृत्व में बिहान के कलस्टर कोसमबुड़ा पहुंचकर बिहान के बहनों से मुलाकात की और गौ जागरण अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी और जैविक खेती से बनने वाली दवाई के संबंध में स्व सहायता समूह से सहयोग की अपील की, सभी बिहान की बहनों ने उन्हें स्पष्ट किया है कि गो जन जागरण अभियान में बढ़चढ़ कर सहयोग करेंगे, इस अवसर पर ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा के सरपंच किरण ठाकुर, सचिव कृषलाल सिंहा उपस्थित थे। इसी तरह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य एवं सहायक अध्यापक एवं छात्र-छात्राओं के पास पहुंचकर गो जन जागरण अभियान पर प्रकाश डाला और उन्हें जैविक खेती एवं रासायनिक खाद से होने वाले बीमारियों के बारे में जानकारी दी। अखिलेश्वरी शरण ने जागरण अभियान के प्रशंसा की और कहां की सभी सनातनियों को कम से कम एक गे अवश्य रखना चाहिए और उनके पालन पोषण में करते हुए अपने जीवन में धर्म अर्थ काम मोक्ष की ओर आगे बढ़े ,गो जागरण अभियान के पांचवें दिन एवं समापन कार्यक्रम ग्राम खंडमा में संपन्न होगा, इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित होंगे।



# आतंकवाद के खिलाफ छुरा मुस्लिम समाज सख्त, सर्जिकल स्ट्राइक की उठाई मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए नापाक आतंकी हमले की सख्त मजम्मत करते हुए छुरा मुस्लिम समुदाय एवं मुस्लिम यंग कमेटी ने शाम को स्वर्ण जयंती चौक पर निर्दोष शहीद हुए भारतवासियों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। आतंकवादियों की इस कायराना हरकत की सभी ने कड़ी निंदा की और आतंकवादियों और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। इस दौरान मुस्लिम समाज के सभी लोगों ने इस अमानवीय कृत्य की एक सुर में भर्त्सना की और केंद्र सरकार से पाकिस्तान के खिलाफ सर्जिकल स्ट्राइक करने की मांग की। इस बीच समाज से नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष समद खान रिजवी ने कहा कि भारतीय मुस्लमान देश की एकता, अखंडता और शांति के पक्षधर हैं।और आतंकवाद के खिलाफ सरकार और सेना के साथ पूरी ताकत से खड़ा है, नगर पंचायत के पार्षद सलीम मेमन ने कहा कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता, निर्दोष निहत्थे लोगों की हत्या करना कायरता है, हमे सिर्फ निंदा ही नहीं करना है जब तक एक भी आतंकी जिंदा है हमे शांत नहीं बैठना है उन्होंने कहा कि अभी नहीं तो कभी नहीं। उन्होंने सरकार की सुरक्षा चूक पर भी सवालिया निशान उठाए। इस मौके पर प्रमुख रूप से समाज के सदर अब्बास बैग, सेकेट्री सिकंदर खान, खजांची युनूस मेमन, इस्माइल खान समद खान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, सरवर खान, हाजी सुल्तान खान , जमशीर कुरेशी, नागर पंचायत के पार्षद सलीम मेमन, नसीब खान, इस्माइल मेमन, इनायत अली, इमरान मेमन, इमरान खान, हारून अली, अजमेर खान, जुबेर खान, रमजान खान सुलेमान खान और समाज के सैकड़ों लोग और यंग कमेटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### निर्दोष नागरिकों को दी श्रद्धांजलि



**छुरा।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा कायराना हरकत करते हुए निर्दोष भारतीय नागरिकों की हत्या की गई, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरा द्वारा उन निर्दोष नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस घटना की कड़ी से कड़ी निंदा की गई, और इस घटिया कृत्य के लिए पाकिस्तान को सबक सिखाने की मांग की गई।

# रानीपरतेवा में पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लिए शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव

ग्राम रानीपरतेवा के मुख्य चौराहा पुराना ग्राम पंचायत के पास स्थित रंगमंच में किसानों को प्राप्त होने वाले सम्मान निधि के सम्बन्ध में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन क्षेत्र के जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर के प्रयास से कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सनद दीवान द्वारा संचालित हुआ।

विदित हो कि केंद्र सरकार की पीएम किसान योजना खासतौर पर गरीब किसानों को आर्थिक मदद देने के इरादे से चलाई जाती है। पीएम किसान सम्मान निधि का फायदा ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरों तक के किसानों को मिलता है। पीएम नरेंद्र मोदी ने इसे साल 2019 में किसानों के हित में जारी किया था। इसमें किसानों को साल में 6000 रुपए तीन किस्तों में प्राप्त होता है। इस योजना के तहत हर चार महीने पर 2000 रुपए किसानों के बैंक खातों में सीधे डाला जाता है।

ग्राम रानीपरतेवा के किसानों ने आज के इस आयोजन में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और योजना का लाभ उठाया। इस आयोजन में विशेषकर जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर, ग्राम सभा अध्यक्ष सोमन यदु, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार साहू उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में हेमंत साहू, चेतन सिन्हा, किसान मित्र संतोष ध्रुव, अश्विनी विश्वकर्मा, संतराम साहू, मिथलेश ध्रुव, श्यामलाल सेन, धर्मेन्द्र कुमार यदु, प्रेम लाल प्रजापति, भोज प्रजापति, निर्मल मरकाम सहित अनेकों किसानों ने उपस्थित रहीं।

### नपा अध्यक्ष की मौजूदगी में अफसरो एवं व्यापारियों की हुई बैठक

# राजिम शहर होगा नाम के अनुरूप सुंदर और आकर्षक : नपा अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने थाना प्रभारी, पालिका अमला तथा व्यापारियों एवं नागरिकों की बैठक कर यातायात की समस्याओं सहित रोड का चौड़ीकरण-समतलीकरण, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था,थोक सब्जी बाजार का व्यवस्थीकरण, वृक्षारोपण, सफाई, सौंदर्यीकरण, फुटकर एवं छोटे दुकानदारों के व्यवस्थापन तथा यातायात के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। राजिम में बस स्टैंड, थोकसब्जी बाजार, गौरव पथ के निर्माण के लिए चर्चा एवं सुझाव लिए गए। बैठक में शामिल व्यापारियों एवं नागरिकों ने अपने विचार रखे। इस महत्वपूर्ण बैठक में नपा अध्यक्ष महेश यादव ने राजिम के विकास में सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए व्यापारियो एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अनुरोध किया। जिस पर सभी व्यापारियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने एक स्वर में राजिम के विकास के लिए पूरा सहयोग करने की बात कही। नपा अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि राजिम की समस्याओं के निदान के लिए वे दिलोजान से प्रयासरत है। विधायक रोहित साहू से मार्गदर्शन लेकर नगर में व्याप्त समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान की जाएगी। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, सभापति आकाश राजपूत, नगर पंचायत के इंजीनियर, राजेश सोनकर, हेमंत ठाकुर, अरविंद गुप्ता,दामोदर सेन,भोलाराम साहू, नितिन जैन, अरविन्द साहेब, राजू महोबिया, संतोष साहू, भोजराज साहू, पवन कुमार गुप्ता, अजय साहू,लालचंद मेघवानी, संतराम सेन,गिरधर साहू , सहित अनेक व्यापारी गण उपस्थित थे।

### नगर का विकास होना बहुत जरूरी

अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि नगर के विकास में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदान है, व्यापारियों के सहयोग और मार्गदर्शन से नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता है। नगर के विकास में सभी व्यापारी साथी आगे आये, और नगर विकास मे भागीदारी जरूर निभावे। कहा कि राजिम पौराणिक नगरी है, यहां प्रतिवर्ष कल्प कुंभ मेला लगता है, यह छत्तीसगढ़ का प्रयागराज है, इसलिए राजिम नगर का विकास होना बहुत जरूरी है, साथ ही यहां भव्य बस स्टैंड, थोक सब्जी मार्केट, गार्डन, भव्य गौरव पथ, का निर्माण होना बहुत जरूरी है। जिसके लिए प्रयास नगर पंचायत के द्वारा किया जा रहा है। उपस्थित व्यापारियों ने अध्यक्ष महेश यादव को ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार, रोड का चौड़ीकरण, वाहनों के लिए पार्किंग, रोड के नीचे गड्डो में मुरम डालने, सब्जी मार्केट को अन्य स्थान पर रखने यातायात प्रभावित न हो, नगर में रोड के किनारे वृक्षारोपण, सफाई के लिए जन जागरूकता फैलाने संबंधी अनेक विषयों पर विचार रखे गए। जिस पर श्री यादव ने सभी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने का विश्वास दिलाया। तथा नगर के विकास के लिए सभी व्यापारियो से सहयोग की अपील किया।

## एफएलएन वारियर्स सम्मान से ओमेश्वरी साहू सम्मानित

**गरियाबंद।** शासकीय प्राथमिक शाला आसरा विकासखंड छुरा के संस्था प्रभारी एवं शिक्षिका ओमेश्वरी साहू शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित उत्कृष्ट एवं सक्रिय कार्य करने के लिए एफएलएन वारियर्स सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप मे आशुतोष चावरे उपसंचालक डीपीआई रायपुर एवं डॉ. प्रशांत शिवहरे scrt द्वारा प्रशस्ति पत्र, ट्राफी प्रदान कर काईट विश्वविद्यालय रायपुर हाल मे सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेप 2020 अंतर्गत बच्चों में एफएलएन दक्षता एवं नवाजतन शिक्षण के लिए दिया गया। शिक्षिका साहू ने बताया की उनके शाला मे कई उपलब्धिया है। जैसे गतिविधि आधारित शिक्षण, tlm निर्माण एवं उपयोग, नेप 2020 शिक्षण, अभिनय कहानी शिक्षण, खिलौना बनाना एवं उपयोग, स्वच्छ सुन्दर विद्यालय, भौतिक रख रखाव एवं सुरक्षा, मल्टीमीडिया का उपयोग, वृक्षारोपण एवं सुरक्षा, टुनिंग ऑफ़ स्कूल, नवोदय, एकलव्य कोचिंग सहित सभी गतिविधि संचालित है। इस कारण एफएलएन वारियर्स के रूप मे सम्मानित किया गया। पूरे छत्तीसगढ़ के इस कार्य के लिए 100 शिक्षकों को चिन्हित कर सम्मानित किया गया है।









